# 15. बच्चे चले क्रिकेट खेलने

बच्चे मैच देख रहे थे। वे बहुत खुश थे। टीम का कप्तान बोला- ''रमेश अब तुम्हारी बैटिंग है, जीत के लिए और दस रन चाहिए। इसलिए समझदारी से खेलना। महेश की बौलिंग में खेलना मुश्किल है। उसने अब तक चार विकेट लिए हैं।''



रमेश ''हाँ-हाँ'' कहते हुए खड़ा हो गया। ग्लौव्ज पहना। बैट पकड़ा और क्रीज पर पहुँचा।

श्रीनु, वासु, रवि, अली, जानी सब महेश के पास पहुँचे। सब महेश को कुछ बता रहे थे। महेश ने तेजी से बौंसर गेंद फेंकी। रमेश ने बल्ला

घुमाया। और गेंद हवा में। गेंद बौंड्री लाइन के पार। सबने तालियाँ बजायीं। रमेश का हौंसला कुछ और बढ़ा। वह अगली गेंद का सामना करने के लिए तैयार था। लेकिन यह क्या...? गेंद रमेश के पैर पर ही आ लगी। महेश जोर से चिल्लाया- ''अम्पायर...!'' अम्पायर ने इशारे से ''ना'' कहा।

महेश ने अगली गेंद डाली। रमेश ने बल्ला भी घुमाया। लेकिन गेंद बल्ले पर नहीं आयी। रमेश के स्टंप्स उखड़ गये। महेश खुशी से उछलने लगा।



not to be republished
© NCERT

अगला बैट्समैन खुद कप्तान विजय था। वह क्रीज पर पहुँचा। अपनी नज़र आगे, पीछे, दायें, बायें दौड़ायी। विजय बैटिंग करने के लिए दौड़ा। तभी जोरदार बारिश शुरू हुई। बारिश इतनी हुई, इतनी हुई, इतनी हुई कि.........




## सुनो-बोलो



1. कहानी में आगे क्या हुआ होगा?
2. विजय रमेश को क्या समझा रहा था?
3. अगर तुम टीम के कप्तान होते तो क्या करते?



## पढ़ो



(अ) **पढ़ो-बताओ।**


1. किसने चार विकेट लिए?
2. किसने चार रन बनाये?
3. रमेश की टीम का कप्तान कौन था?

**(आ) इसमें क्रिकेट से संबंधित शब्द कौन-से हैं? पहचानकर ' ◯ ' लगाओ।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मैच | बैटिंग | रन | बारिश | बौलिंग |
| मुश्किल | ओवर | आउट | कप्तान | ग्लोव्ज |
| बैट | क्रीज | बौंसर | बल्ला | बौंडरी-लाइन |

© SCERT not to be republished

**(ई) नीचे कुछ खेलों के चित्र दिये गये हैं।**




हॉकी



टेनिस




शतरंज



कैरम




कबड्डी



टेबल टेनिस

अब बताओ-

| **बाहर खेलते हैं** | **अंदर खेलते हैं।** |
| --- | --- |
| हाकी | टेबल टेनिस |
| ............... | ................. |
| ............... | ................. |



(ऊ) **इन्हें भी जानो।**

| | | |
| --- | --- | --- |
| बैटिंग | - | बल्लेबाजी |
| बौलिंग | - | गेंदबाजी |
| टीम | - | दल |
| कैप्टन | - | कप्तान |
| ग्लोव्ज | - | दस्ताना |
| फील्डर | - | क्षेत्ररक्षक |
| नॉट आउट | - | नाबाद |



© SCERT not to be republished




## लिखो


(अ) **तुम्हारे मित्रों को कौन-से खेल पसंद हैं? पता करो। लिखो।**

| मित्र का नाम | मनपसंद खेल |
| --- | --- |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |



(आ) नीचे दिये संकेतों के आधार पर वाक्य बनाओ।



.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................


.................................................................................................

(उ) गेंद और बल्ला आपस में क्या बातचीत कर रहे हैं? सोचकर लिखो।

गेंद : बल्ला भैया, कैसे हो?

बल्ला : मैं ठीक हूँ। तुम कैसी हो?..........

गेंद :





बल्ला :

| क्या मैं ये कर सकता हूँ? | हाँ (√) | नहीं (×) |
|---|---|---|
| 1. पाठ के बारे में बातचीत कर सकता हूँ। | | |
| 2. पाठ अपने शब्दों में बता सकता हूँ। लिख सकता हूँ। | | |
| 3. अपने निजी अनुभव साथियों को सुना सकता हूँ। | | |
| 4. इससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिख सकता हूँ। | | |

© SCERT not to be republished

पढ़ो-आनंद लो

# मैं भी...



एक अंडे में से बत्तख का बच्चा निकला। ''लो, मैं अंडे में से निकल आया'' - बत्तख का बच्चा बोला।

एक और अंडे में से मुर्गी का चूज़ा निकला। ''मैं भी आ गया'' - चूज़ा बोला




© NCERT not to be republished



''मैं घूमने जा रहा हूँ'' - बत्तख का बच्चा बोला।
''मैं भी चलूँगा'' - चूज़ा बोला।


''मैं गड्ढा खोद रहा हूँ''
- बत्तख का बच्चा बोला।
''मैं भी खोदूँगा'' - चूज़ा बोला।





''मुझे एक केंचुआ मिला''- बत्तख का बच्चा बोला।

''मुझे भी''- चूज़ा बोला।



''मैंने एक तितली पकड़ी'' - बत्तख का बच्चा बोला।

''मैंने भी तितली पकड़ी'' - चूज़ा बोला।



''मैं तैरना चाहता हूँ।''- बत्तख का बच्चा बोला।

''मैं भी''- चूज़ा बोला।



''देखो मैं तैर रहा हूँ''- बत्तख का बच्चा बोला।

©SCERT not to be republished


“मैं भी तैरूँगा” - चूज़ा बोला।





“बचाओ...” चूज़ा डूबते हुए चिल्लाया।

बत्तख के बच्चे ने चूज़े को पानी से बाहर निकाला।






© SCERT not to be republished

# परछाइयाँ ही परछाइयाँ

परछाइयाँ देखो। नाम बताओ।



© SCERT not to be republished

इसी तरह की कुछ और परछाइयाँ बनाओ।

# किताबें कुछ कहना चाहती हैं...

किताबों में चिड़ियाँ चहचहाती हैं
किताबों में खेतियाँ लहलहाती हैं
किताबों में झरने गुनगुनाते हैं
परियों के किस्से सुनाते हैं।

किताबों में राकेट का राज़ है
किताबों में साईंस की आवाज़ है
किताबों का कितना बड़ा संसार है
किताबों में ज्ञान की भरमार है।

क्या तुम इस संसार में
नहीं जाना चाहोगे?
किताबें कुछ कहना चाहती हैं
तुम्हारे पास रहना चाहती हूँ।

-सफ़दर हाशमी

© SCERT not to be republished

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ अं अः क ख ग घ च छ ज

# शब्दकोश

| | | |
|---|---|---|
| अंडा | = గుడ్డు, Egg | मुर्गी **अंडा** देती है। |
| अख़बार | = వార్తా పత్రిక, Newspaper | हर दिन **अख़बार** पढ़ना चाहिए। |
| अच्छा | = మంచి, Good | रामू **अच्छा** लड़का है। |
| अध्यापक | = ఉపాధ్యాయుడు, Teacher | **अध्यापक** पढ़ाते हैं। |
| अनार | = దానిమ్మ పండు, Pomegranate | यह **अनार** का पेड़ है। |
| आम | = మామిడిపండు, Mango | **आम** फलों का राजा है। |
| आनंद | = ఆనందం, Happy | खेलने से **आनंद** मिलता है। |
| आस-पास | = చుట్టుప్రక్కల, Surrounding | पाठशाला के **आस-पास** कई पेड़ हैं। |
| इमली | = చింతపండు, Tamarind | **इमली** खट्ठी होती है। |
| ईख | = చెరకు, Sugarcane | **ईख** मीठी होती है। |
| उद्यान | = తోట, Garden | **उद्यान** में तरह-तरह के पेड़-पौधे होते हैं। |
| उषा | = ఉదయం, Morning | **उषा** समय उठना चाहिए। |
| ऊन | = ఉన్ని, Wool | **ऊन** से स्वेटर बनता है। |
| ऋतु | = ఋతువు, Season | **ऋतुएँ** छह होती हैं। |
| ऋषभ | = వృషభం (ఎద్దు), Ox | **ऋषभ** किसान का साथी है। |
| ऋषि | = ఋషి, Sage | **ऋषि** तपस्या करता है। |
| एक | = ఒకటి, One | हम सब **एक** हैं। |
| कई | = ఎన్నో , Many | आकाश में **कई** तारे हैं। |
| कमीज़ | = చొక్కా, Shirt | यह **कमीज़** कीमती है। |
| किसान | = రైతు, Farmer | **किसान** खेत में काम करता है। |
| कुत्ता | = కుక్క, Dog | **कुत्ता** भौं-भौं करता है। |
| कृषक | = రైతు, Farmer | **कृषक** मेहनत करते हैं। |
| खुश | = సంతోషం, Happy | आज राकेश बहुत **खुश** है। |
| खेत | = పొలము, Field | **खेत** में अनाज उगाते हैं। |
| खेल | = ఆట, Games | मैदान में **खेल** खेलते हैं। |
| गाँव | = ఊరు, Village | हमारा **गाँव** बहुत बड़ा है। |
| गलती | = తప్పు, Mistake | मुझसे **गलती** हो गयी। |
| गड्ढा | = గుంట, Pit | रास्ते में **गड्ढे** हैं। |
| गरमी | = వేసవి కాలం, Summer | **गरमी** के मौसम में आम मिलते हैं। |
| गाड़ी | = బండి, Vehicle | मेरे पास **गाड़ी** है। |
| घड़ी | = గడియారం, Watch | **घड़ी** में एक बज रहा है। |
| घर | = ఇల్లు, House | यह मेरा **घर** है। |

© SCERT not to be republished



कं क का कि की कु कू कृ के कै को कौ खं ख खा खि खी खु खू खृ खे खै खो

| | | |
|---|---|---|
| चमक | = మెరుపు, Bright | आकाश में तारे **चमक** रहे हैं। |
| चाह | = కోరిక, Wish | मुझे कलेक्टर बनने की **चाह** है। |
| चिड़िया घर | = జంతు ప్రదర్శనశాల, Zoo | **चिड़िया घर** में सुंदर पशु-पक्षी होते हैं। |
| चोट | = గాయం, Wound | कभी-कभी खेल में **चोट** लग जाती है। |
| छतरी | = గొడుగు, Umbrella | मेरे पास एक **छतरी** है। |
| छप्पर | = సజ్జ, Thatched roof | **छप्पर** पर रस्सी पड़ी है। |
| छुट्टी | = సెలవు Holiday | रविवार के दिन **छुट्टी** है। |
| जगमग | = మెరియుట, to shine | जुगनू **जगमग-जगमग** करता है। |
| ज़मीन | = భూమి, Earth | यह हमारी **ज़मीन** है। |
| जन्मदिन | = పుట్టినరోజు, Birthday | दो अक्तूबर को गाँधी जी का **जन्मदिन** है। |
| जानकारी | = సమాచారం , Information | विजय को क्रिकेट की अच्छी **जानकारी** है। |
| झरना | = జలపాతం, Waterfall | **झरने** का पानी बहुत ठंडा होता है। |
| झूला | = ఊయల, Cradle | मुझे **झूला** झूलना पसंद है। |
| टोकरी | = గంప, Basket | **टोकरी** में आम है। |
| ठंडी | = చల్లని, Cold | बर्फ **ठंडा** होता है। |
| डंका | = ఢంకా, Drum | **डंका** डम-डम बजता है। |
| डमरू | = డమరుకం, a leather-covered musical percussion instrument | **डमरू** बजाने पर आवाज़ आती है। |
| डाली | = కొమ్మ, Branch | **डाली** पर चिड़िया बैठी है। |
| ढोलक | = చిన్నడోలు, a small drum played on both the ends | यह **ढोलक** है। |
| तारा | = నక్షత్రం,Star | आकाश में **तारे** हैं। |
| निवासी | = నివాసి, Resident | हम भारत के **निवासी** हैं। |
| न्यारी | = అద్భుతమైన, Peculiar | भारत हमारा **न्यारा** है। |
| पकवान | = వంటకాలు, Dishes | माँ **पकवान** बनाती है। |
| पत्ता | = ఆకు, Leaf | अधिकतर **पत्ते** हरे होते हैं। |
| परिवार | = కుటుంబం, Family | मेरे **परिवार** में चार सदस्य हैं। |
| पल | = క్షణం, Second | हर **पल** का महत्व होता है। |
| पिंजरा | = పంజరం, Cage | **पिंजरे** से पक्षी उड़ गया। |
| पेड़ | = చెట్టు , Tree | यह आम का **पेड़** है। |
| पौधा | = మొక్క, Plant | यह गुलाब का **पौधा** है। |

© SCERT not to be republished

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ अं अः

| | | |
|---|---|---|
| फव्वारा | = పైకి ఎగిరే నీటిధార, Fountain | उद्यान में **फव्वारा** है। |
| फूल | = పువ్వు, Flower | गुलाब का **फूल** सुंदर है। |
| बंदर | = కోతి, Monkey | पेड़ पर **बंदर** है। |
| बत्तख | = బాతు, Duck | **बत्तख** पानी में तैर रहा है। |
| बहादुर | = ధైర్యవంతుడు, Brave | जब्बार **बहादुर** लड़का है। |
| बल्ला | = బ్యాటు, Bat | लड़के के हाथ में **बल्ला** है। |
| बाजा | = డప్పు, Band | रामू **बाजा** बजा रहा है। |
| बारिश | = వాన, Rain | तेज **बारिश** हो रही है। |
| भालू | = ఎలుగుబంటు, Bear | **भालू** जंगल में रहते हैं। |
| भैया | = అన్నయ్య, Brother | मैं **भैया** को राखी बाँधूंगी। |
| माली | = తోటమాలి, Gardener | **माली** बगीचे में पौधों को पानी दे रहा है। |
| मीठा | = తియ్యని, Sweet | गुलाबजामुन **मीठा** होता है। |
| मुर्गी | = కోడిపెట్ట, Hen | **मुर्गी** अंडे देती है। |
| मुश्किल | = కష్టం, Difficult | यह काम **मुश्किल** है। |
| रस्सी | = తాడు, Rope | छप्पर पर **रस्सी** है। |
| रसोईघर | = వంటగది, Kitchen | माँ **रसोईघर** में खाना पका रही है। |
| लोहार | = కమ్మరి, Blacksmith | **लोहार** लोहे की चीजें बनाता है। |
| वर्षा | = వర్షం, Rain | **वर्षा** में मोर नाच रहा है। |
| वेश-भूषा | = వేషధారణ, Costume | भारत में कई तरह की **वेश-भूषा** पहनते हैं। |
| शुभकामना | = శుభాకాంక్షలు, Good wishes | आप को जन्मदिन की **शुभकामनाएँ**। |
| शेर | = సింహం, Lion | **शेर** से मुझे डर लगता है। |
| संग | = వెంట, Along with | बुरे लोगों के **संग** नहीं रहना चाहिए। |
| सप्ताह | = వారం, Week | **सप्ताह** में सात दिन होते हैं। |
| सहेली | = స్నేహితురాలు, Friend | सुषमा की **सहेली** रजिता है। |
| सागर | = సముద్రం, Ocean | नदियाँ जाकर **सागर** में मिलती हैं। |
| हरा-भरा | = పచ్చపచ్చగా, Greenery | यह बगीचा **हरा-भरा** है। |
| हल | = నాగలి, Plough | किसान **हल** चलाता है। |
| हिरण | = జింక, Deer | **हिरण** सुंदर जानवर है। |

© SCERT not to be republished

**अध्यापकों के लिए सूचना**

यहाँ पर शब्दों के अर्थ व उनके वाक्य प्रयोग दिये गये हैं। अतः बच्चों को अर्थ समझाने के लिए और अधिक वाक्य प्रयोग सिखाइए।



चं च चा चि ची चु चू चृ चे चै चो चौ छं छ छा छि छी छु छू छृ छे छै छो छौ

| अभ्यास तालिका | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | पाठ का नाम | सुनो-बोलो | पढ़ो | लिखो |
| 1. | आम ले लो आम! | बातचीत के प्रश्न | अलग-अलग चिह्नों से शब्द पहचानना, चित्र देखकर शब्द पढ़ना, जोड़ी बनाना, शब्दों के अंतर पहचानना। | मात्रा जोड़कर लिखना, रिक्त स्थान भरना, अक्षरों व मात्राओं से शब्द बनाना, चित्र बनाकर रंग भरना और नाम लिखना। |
| 2. | हमारा गाँव | बातचीत के प्रश्न | अलग-अलग चिह्नों से शब्द पहचानना, चित्र देखकर शब्द पढ़ना, शब्दों के अंतर पहचानना। | मात्रा जोड़कर लिखना, रिक्त स्थान भरना, अक्षरों व मात्राओं से शब्द बनाना, चित्र बनाकर रंग भरना और नाम लिखना। |
| 3. | रेलवे स्टेशन | बातचीत के प्रश्न | अलग-अलग चिह्नों से शब्द पहचानना, चित्र देखकर शब्द पढ़ना, जोड़ी बनाना | मात्रा जोड़कर लिखना, रिक्त स्थान भरना, चित्र बनाकर रंग भरना और नाम लिखना। |
| 4. | बाज़ार | बातचीत के प्रश्न | अलग-अलग चिह्नों से शब्द पहचानना, चित्र देखकर शब्द पढ़ना, | मात्रा जोड़कर लिखना, रिक्त स्थान भरना, अक्षरों व मात्राओं से शब्द बनाना, चित्र बनाकर रंग भरना और नाम लिखना। |
| 5. | मेरा परिवार | बातचीत के प्रश्न | अलग-अलग चिह्नों से शब्द पहचानना, चित्र देखकर शब्द | मात्रा जोड़कर लिखना, रिक्त स्थान भरना, अक्षरों व मात्राओं से |

© SCERT not to be republished

| अभ्यास तालिका | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | पाठ का नाम | सुनो-बोलो | पढ़ो | लिखो |
| | | | पढ़ना। | शब्द बनाना। |
| 6. | चिड़िया घर | बातचीत के प्रश्न | अलग-अलग चिह्नों से शब्द पहचानना, चित्र देखकर शब्द पढ़ना, शब्दों के अंतर पहचानना। | मात्रा जोड़कर लिखना, रिक्त स्थान भरना, पशु-पक्षियों के नाम लिखना। |
| 7. | मैदान | बातचीत के प्रश्न | अलग-अलग चिह्नों से शब्द पहचानना, चित्र देखकर शब्द पढ़ना, जोड़ी बनाना, शब्दों के अंतर पहचानना। | मात्रा जोड़कर लिखना, जोड़ी बनाना, रिक्त स्थान भरना, अक्षरों व मात्राओं से शब्द बनाना, चित्र बनाकर रंग भरना और नाम लिखना। |
| 8. | बाल दिवस | बातचीत के प्रश्न | अलग-अलग चिह्नों से शब्द पहचानना, चित्र देखकर शब्द पढ़ना, शब्द पढ़ना व समझना। | मात्रा जोड़कर लिखना, रिक्त स्थान भरना, चित्र बनाकर रंग भरना। उसके बारे में लिखना। |
| 9. | चुक्की और जब्बार | बातचीत के प्रश्न | प्रश्न-उत्तर, द्‌वित्वाक्षर शब्द ढूँढ़ना। शब्द पढ़ना। | रिक्त स्थान भरना, अक्षरों व मात्राओं से शब्द बनाना, प्रश्न-उत्तर, चित्र के बारे में लिखना। |
| 10. | खुशियों की दुनिया | बातचीत के प्रश्न | चित्र से संबंधित पंक्ति पहचानना।, जोड़ी बनाना। | अंकों की जानकारी, प्रश्न-उत्तर। |

© SCERT not to be republished

| अभ्यास तालिका | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | पाठ का नाम | सुनो-बोलो | पढ़ो | लिखो |
| | | | | |
| 11. | उद्यान | बातचीत के प्रश्न | प्रश्न-उत्तर, संयुक्ताक्षर पहचानना, शब्दों के अंतर पहचानना, सही शब्द के नीचे रेखा खींचना। | वर्तनी सुधारना, संयुक्ताक्षर शब्द लिखना, अपने बारे में लिखना। |
| 12. | चूज़ा | बातचीत के प्रश्न | चित्रों को मिलाकर पढ़ना, प्रश्न-उत्तर। | प्रश्न-उत्तर, चित्र के बारे में लिखना। |
| 13. | हिंद देश के निवासी | बातचीत के प्रश्न | प्रश्न-उत्तर, शब्दों पर गोला लगाना, जोड़ी बनाना, बेमेल शब्द पर गोला लगाना। | गीत की पंक्तियाँ लिखना, चित्र देखकर रिक्त स्थान भरना, सारांश लिखना, शब्दों के अर्थ मातृभाषा में लिखना। |
| 14. | छुट्टी मनायें | बातचीत के प्रश्न | प्रश्न-उत्तर, किसने कहा, हाँ या नहीं में उत्तर देना | प्रश्न-उत्तर, जोड़ी वाले शब्द बनाना। |
| 15. | बच्चे चले क्रिकेट खेलने | बातचीत के प्रश्न | प्रश्न-उत्तर, शब्दों पर गोला लगाना, शब्दों के अंतर समझना, खेलों को पहचानना, जोड़ी बनाना। | पता करना, संकेतों के आधार पर वाक्य बनाना, वार्तालाप आगे बढ़ाना। |

©SCERT not to be republished






© SCERT
not to be republished